# दिल्ली पब्लिक स्कूल गया

## परिपत्र

## अंतर–सदन हिन्दी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (कक्षा 3–5)

दिनांकः 21.08.2026

प्रिय शिक्षकगण

**अभिवादन**

"ज्ञान वह अनुपम धन है जो बाँटने से बढ़ता है और अभिव्यक्ति को प्रखर बनाता है।" प्रश्नोत्तरी न केवल ज्ञान का परीक्षण करती है बल्कि विद्यार्थियों में त्वरित सोच, तर्क–शक्ति, बौद्धिक–सतर्कता को भी विकसित करती है।

दिल्ली पब्लिक स्कूल गया विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान, हिंदी साहित्य व भाषा–ज्ञान एवं त्वरित सोच को विकसित करने के लिए कक्षा 3–5वीं तक के विद्यार्थियों हेतु आगामी 25 अगस्त 2026, मंगलवार को प्रातः 09:50 से 10:50 बजे तक द्वितीय व तृतीय कालांश में विद्यालय सभागार में 'अंतर–सदन हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता' का आयोजन करने जा रहा है। इस प्रतियोगिता में तीसरी से पाँचवीं कक्षा तक के कुल 12 विद्यार्थी लेंगे जिसमें प्रत्येक सदन से 3 प्रतिभागी होंगे। प्रतिभागियों का मूल्यांकन ज्ञान की सटीकता, सही उत्तर, विषय की समझ तथा अनुशासन के आधार पर किया जाएगा।

| **प्रतियोगिता कार्यक्रम सूची** | | **निर्धारित समय** | |
|---|---|---|---|
| 1. | विद्यार्थियों का आगमन | 5 | मिनट |
| 2. | प्रतियोगिता परिचय | 2 | मिनट |
| 3. | नियमावली परिचय | 3 | मिनट |
| 4. | प्रश्नोत्तरी–प्रतियोगिता | 40 | मिनट |
| 5. | प्रधानाचार्य –संबोधन | 5 | मिनट |
| 6. | विद्यार्थियों का प्रस्थान | 5 | मिनट |

श्रोतागण : कक्षा 5वीं के विद्यार्थीगण इस प्रतियोगिता के श्रोता के रूप में सभागार में उपस्थित रहेंगे। प्रथम कालांश में शिक्षक / शिक्षिकाएँ अपने–अपने वर्ग के विद्यार्थियों को सुबह 9:45 बजे कार्यक्रम–स्थल ले आएँगे तथा तृतीय कालांश में कार्यक्रम–समाप्ति के पश्चात उन्हें अपने–अपने वर्ग में ले जाएँगे।

ध्यातव्य : जिन शिक्षक –शिक्षिकाओं को उत्तरदायित्व सौंपे गए हैं, कार्यक्रम तिथि को विद्यालय–सभागार में प्रातः 9:45 बजे कृपया अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

सत्येन्द्र कुमार मिश्र
21/8/26
प्रधानाचार्य